मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद्, भोपाल

(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन पंजीकृत संस्था)
द्वितीय तल, नर्मदा भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल – 462011

क्रमांक/7846/NR-10/MGNREGA-MP/15, दिनांक 04/07/2015

प्रति,

1. कलेक्टर/जिला कार्यक्रम समन्वयक,
   जिला– समस्त (मध्यप्रदेश)
2. मुख्य कार्यपालन अधिकारी/अतिरिक्त कार्यक्रम समन्वयक,
   महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम–म.प्र.,
   जिला पंचायत– समस्त (मध्यप्रदेश)

विषयः– ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यरत अमले को मोबाईल मॉनिटरिंग सिस्टम अंतर्गत प्रशिक्षण देने बावत्।

––––00––––

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि मोबाईल एप्स के माध्यम से मनरेगा में मजदूरों की मांग, दैनिक उपस्थिति, कार्य का साप्ताहिक मूल्यांकन, आधार सीडिंग हेतु प्रशिक्षण दिया जाना है। जिला स्तर एवं जनपद स्तर से अधिकारियो/कर्मचारियों को म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद् द्वारा प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

उपरोक्तानुसार ग्राम पंचायत स्तर तक कार्यरत अमले को प्रशिक्षण दिया जाना है, जिसमें उपयंत्री मनरेगा, ग्राम रोजगार सहायक तथा सचिव पंचायत शामिल होंगें। उक्त प्रशिक्षण मध्यप्रदेश पंचायतीराज संचालनालय द्वारा क्रिस्प के माध्यम से ऑनलाईन प्रशिक्षण हेतु जारी कार्यक्रम के साथ दिये जाने पर निर्णय लिया गया है। अतः मध्यप्रदेश पंचायतीराज संचालनालय द्वारा जारी ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक दिवसीय प्रशिक्षण मोबाईल मॉनिटरिंग सिस्टम का होगा, जिसे क्रिस्प के माध्यम से दिया जायेगा।

उक्त प्रशिक्षण तकनीकी पृष्ठभूमि का है। अतः प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये सीनियर डाटा मैनेजर, मनरेगा जिला पंचायत जिम्मेदार होगें। उक्त प्रशिक्षणों में मोबाईल मॉनिटरिंग सिस्टम अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अनिवार्य रूप से सम्मिलित रहेंगे, जो प्रशिक्षण की आवश्यक व्यवस्था की देख रेख करेंगे तथा प्रशिक्षण की प्रगति से प्रतिदिवस सीनियर डाटा मैनेजर को अवगत करायेंगे। सीनियर डाटा मैनेजर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के माध्यम से प्रशिक्षण की साप्ताहिक जानकारी से परिषद् मुख्यालय को अवगत करायेंगे।

(स्मिता भारद्वाज)
आयुक्त
म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद्
भोपाल

पृ.क्र/7847/MIS/MGNREGS-MP/15, दिनांक 04/07/2015

प्रतिलिपि :–

- अपर मुख्य सचिव, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
- आयुक्त, पंचायतीराज संचालनालय, अरेरा हिल्स की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
- मुख्य कार्यपालन अधिकारी, क्रिस्प, श्यामला हिल्स भोपाल।
- सिस्टम एनालिस्ट एवं स्टेट नोडल अधिकारी, एम.आई.एस./ई–एफएमएस, म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(आयुक्त)
म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद्
भोपाल